www.wagadsandesh.com

# वागड़ संदेश

Tital Code : RAJHIN27802

जन मन की आवाज

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-179 सागवाड़ा, रविवार,6 मार्च, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

# जिले में प्रथम महिला रक्तदान का बना रिकॉर्ड, 60 यूनिट रक्तदान हुआ





**डूंगरपुर।** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के कार्य्रकमों के अंतरगर्त रविवार को जिले का प्रथम महिला रक्तदान महोत्सव का आयोजन जिला प्रशासन एवं नगरपरिषद के सयुक्त तत्वाधान में श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन में कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रथम महिला रक्तदान महोत्सव में वीरांगनाओ ने 60 यूनिट रक्तदान कर जिले का एक रिकॉर्ड बनाया। कार्यक्रम में नगरपरिषद सभापति अमृत कलासुआ, आयुक्त नरपतसिंह राजपुरोहित, उपसभापति सुदर्शन जैन, ब्लड बैंक की विभागाध्यक्ष वंदना सिंगल, चिकित्सा अधिकारी महेन्द्र डामोर, चिकित्सा अधिकारी कौस्तुभ सिंह , जनसम्पर्क अधिकारी ब्लड बैंक पद्मेश गांधी, राजेंद्र सेवक सहित ब्लड बैंक का स्टाफ मौजूद रहा।

## शादी की सालगिरह पर पति पत्नी ने किया रक्तदान

रक्तदान महोत्सव में पत्नी के साथ पत्नी ने भी रक्तदान कार्यक्रम में रक्तदान कर एक उदहारण प्रस्तुत किया। शहर में रहने वाले निजी विद्यालय के शिक्षक दम्पति ने एक साथ रक्तदान किया।

उमेश सेवक और पायल सेवक ने अपनी शादी की 13 वी सालगिरह पर रक्तदान किया और स्वयं ने सेल्फी लेकर अपने घर वालो को भेजा। वहा मौजूद सभी अतिथियों ने तालियां बजाकर उनका अभिवादन किया।

## 56 साल की महिला और 21 साल की युवा ने भी किया रक्तदान

शहर में निवासरत मंजुला जैन ने अपनी उम्र को पीछे रखते हुए जज्बा दिखाते हुए रक्तदान किया और अपने सर्टिफिकेट के साथ सेल्फी भी ली वही रक्तदान में सबसे कम उम्र की रजनी जोशी ने भी रक्तदान करके कहा कि मेरी इच्छा थी कि में 21 साल होते ही रक्तदान दूंगी और आज का दिन मेरे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण दिन रहा।

## महिला पार्षद और ब्रांड एम्बेस्डर ने भी किया रक्तदान

जिला प्रशासन एवं नगरपरिषद के सयुक्त तत्वधान में हो रहे कार्यक्रम में पूरी जिम्मेदारी जहा महिला पार्षदों ने संभाल रखी है वही उन्होंने रक्तदान करने में भी पहल दिखाई। सभी महिला पार्षद जिसमें प्रियंका रोत, हिना जोशी ,फरजाना ने पहली बार रक्तदान किया वही कार्यक्रम की सयोजिका प्रियंका गांधी ने पहली बार ही रक्तदान किया ,कार्यक्रम में सफाई कर्मचारी,विभिन्न संस्थान और विभिन्न समाज के प्रतिनिधियों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में समाजसेवी राजकुमारी प्रजापत,चंद्रलेखा कलासुआ ,पार्षद भावना कुंवर ,इंदिरा जैन,बृजेश सोमपुरा,भरत जोशी,प्रियंका चौबीसा,श्वेता जैन,रिया थदानी, विद्या सुथार,आंगनवाड़ी कार्यकर्त्ता लक्ष्मी जैन, दीपिका श्रीमाल सहित आदि ने कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया।

# गैर शैक्षणिक कार्य प्रशिक्षण एवं वार्षिक उत्सव कार्यक्रम पर लगे रोक

**सीमलवाड़ा।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला डूंगरपुर के जिला अध्यक्ष बलवंत बामणिया एवं जिला मंत्री दिलीप सिंह चौहान ने निदेशक महोदय को पत्र लिखकर मांग की है कि समस्त प्रकार के गैर शैक्षणिक कार्य प्रशिक्षण एवं वार्षिक उत्सव कार्यक्रम पर रोक लगाई जाए प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिन चौबीसा ने बताया कि बोर्ड परीक्षाएं व अन्य स्थानीय परीक्षाओं का समय नजदीक आ गया है सत्र पर्यंत ऑनलाइन ऑफलाइन कक्षाएं संचालित हुई है कोरोना के कारण बालकों को नियमित स्कूल आने की बाध्यता नहीं रखते हुए अभिभावकों के सहमति के आधार पर स्कूल बुलाया गया है ऐसे में बालकों के विद्यालय में ठहराव सुनिश्चित नहीं हो पाया ऐसे में बालकों का शिक्षण कार्य काफी प्रभावित हुआ है राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद बिना वर्तमान परिस्थितियों पर विचार किए केवल या यांत्रिक तरीके से इस प्रकार के आयोजन किए जाने का आदेश जारी करता है इसकी अनुपालना में विद्यालय में आयोजन करने पड़ते हैं और विद्यार्थियों का बहुमूल्य समय नष्ट हो जाता है संगठन ने परीक्षाओं के समीप होने से बालकों के हित में शिक्षकों के समस्त प्रकार के प्रशिक्षण व एनएसएस के कैंप तथा अन्य गैर शैक्षणिक कार्यों में ड्यूटी लगाने पर रोक लगाने सहित हाल में हो रहे वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के आयोजन पर रोक लगाने की मांग की ताकि बोर्ड परीक्षा परिणाम के उन्नयन के अधिक प्रयास किए जा सके तथा अपेक्षित परिणाम प्राप्त किए जा सके।

# मुख्यमंत्री का स्काउट स्कार्फ पहनाकर आर्य ने किया अभिनन्दन

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का अभिनन्दन करने रविवार को प्रदेश स्काउट गाइड संगठन के पदाधिकारी स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य की अगुवाई में मुख्यमंत्री निवास पर पहुंचे। पदाधिकारियों ने राज्य बजट में की गई घोषणा के लिए मुख्यमंत्री का पुष्पगुच्छ भेंट कर एवं स्काउट स्कार्फ पहनाकर अभिनन्दन किया। प्रदेश में भारत स्काउट एवं गाइड से संबंधित गतिविधियों को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से 18वीं राष्ट्रीय स्काउट गाइड जम्बूरी के रोहट-पाली में आयोजन हेतु राशि रूपये 25 करोड़ की बजट घोषणा के लिए स्काउट संगठन के पदाधिकारियों व स्काउट गाइड बालक-बालिकाओं ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई इस बजट घोषणा से संगठन में सर्वत्र खुशी की लहर दौड़ गई और उत्साह का संचार हुआ है।

## सीएम को बताया कि जिले में कांग्रेस की स्थिति बद से बत्तर हो चुकी है

# डूंगरपुर कांग्रेस का दूसरा गुट भी पहुंचा जयपुर, मुख्यमंत्री का आभार जताया

**सागवाड़ा।** डूंगरपुर कांग्रेस का दूसरा गुट रविवार को जयपुर पहुंचा और मुख्यमंत्री से मुलाकात की।सीडब्ल्यूसी सदस्यव उदयपुर संसदीय क्षेत्र पूर्व सांसद रघुवीरसिंह मीणा, हरियाणा राज्य पीआरओ ताराचंद भगोरा व सागवाड़ा विधानसभा के पूर्व विधायक सुरेन्द्र बामणिया के नेतृत्वमें डूंगरपुर जिले भर से कांग्रेसजन जयपुर में मुख्यमंत्री निवास पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मिले।

प्रदेश के आम बजट 2022-23 में मिली वागड़ अंचल को सौगातों में उदयपुर-बांसवाड़ा मार्ग पर लसाडा पुल का नवनिकरण, पीठ-कुंआ-धरियावद सड़क नवनिकरण, सीमलवाड़ा बॉयपास, डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज में विषयो की बढ़ोतरी, आध्यात्मिक गुरु गुरु गोविंद के नाम पेनोरमा की घोषणा, चौरासी के बावड़ी में सीएचसी केंद्र प्रारम्भआदि सौगातों को लेकर मुख्यमंत्रीअशोक गहलोत का आभार व्यक्तकिया। इस



मौके पर मुख्यमंत्री को किसानों का प्रतीक हल व वागड़ अंचल की परंपरानुसार तीर-कमान भेंट किया गया। एग्रो इंड्रस्टीज डवलपमेंट बोर्ड सदस्य प्रेमकुमार पाटीदार, अखिल भारतीय महिला कांग्रेस विधि कोर्डिनेटर एडवोकेट निमिषा भगोरा, पूर्व प्रधान मंजुला रोत, विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्षएडवोकेट बालगोविंद पाटीदार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाशचंद्र पाटीदार, देवीलाल फलोत, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव मनोहर कोटेड, नगर पालिका सागवाड़ा के पूर्व चेयरमैन पवन गोवाड़िया, पूर्व नेता प्रतिपक्ष कुलदीप गांधी, पँचायत समिति सागवाड़ा उप प्रधान नरेश पाटीदार, पंचायत समितिसीमलवाड़ा सदस्य व जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष महेंद्र भगोरा, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री कारीलाल सालेड़ा, क्रय-विक्रय सहकारी समिति सीमलवाड़ा चेयरमैन धर्मेंद्र भगोरा, गांधी दर्शन समिति के संयोजक युवा नेता रुपचंद भगोरा, पूर्व पूजीलाल परमार, मंजुला रोत, रूपशंकर त्रिवेदी, मनहोर सिंह चीतरी ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री सुरेश भोई, शाहिद बंगा, जिला कांग्रेस महामंत्री एडवोकेट कपिल भट्ट, यूनुस मंसूरी, वासुदेव पण्ड्या, सपना पुरोहित, प्रभुलाल डेन्डोर, उप सरपंच गोविंद पुंजोत सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन जयपुर पहुंच कर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया।

# सागवाड़ा शहर में किये गए नवाचारों को सीएम ने सराहा

## नपा अध्यक्ष खोडनिया ने पार्षदों की मौजूदगी में सीएम को एक साल में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी



**सागवाड़ा।** राजस्थान बजट - 2022 में सागवाड़ा शहर के विकास को लेकर की गई घोषणाओं को लेकर नगर पालिका सागवाड़ा के अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया और उपाध्यक्ष राजुमामा की मौजूदगी में पार्षदों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की। पूर्व राज्य मंत्री और कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश खोडनिया ने मुख्यमंत्री से सभी की मुलाकात कराई। इस दौरान नगर पालिका सागवाड़ा के अध्यक्ष नरेन्द्र खोडनिया ने मुख्यमंत्री को सागवाड़ा में पिछले एक साल में शहर में किये गए नवाचार और विकास कार्यों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा नेसागवाड़ा में विकास का एक साल बेमिसाल पुस्तक का विमोचन किया।

पालिकाध्यक्ष खोड़निया ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सागवाड़ा के विकास कार्यों में कहीं कोई कमी नहीं आएगी। आने वाले समय में सागवाड़ा के विकास कार्यों में और तेजी लाएंगे। मुख्यमंत्री द्वारा कड़ाणा कि 76 बीघा जमीन नगर पालिका को देकर ऐतिहासिक फैसला लिया हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष में राम पार्क में 4 करोड़ की लागत से सांस्कृतिक केंद्र बन कर तैयार हो जाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री ने स्व. भीखा भाई भील के नाम से 20 करोड़ के अत्याधुनिक टाउनहाल की घोषणा की है। खोडनिया ने बताया कि शहर में 4 करोड़ से 13 किमी. सड़कों के सुदृढ़ीकरण का काम शुरु हो गया है और आने वाले समय में बजट घोषणा के अनुरूप 15 किमी. सड़कों का काम होगा।

इसी वर्ष से शहर में ड्रेनेज सिस्टम और तालाबों के सौंदर्यीकरण का काम कर दिया जाएगा। सभी तालाबों के ओवरफ्लो, पानी के नालो, शहर से गुजरने वाले बड़े नालो और कालोनी के नालों के सुदृढ़ीकरण पर करीब 50 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

# भाविप प्रांत की सभी शाखाओं ने मानवता की निस्वार्थ भाव से सेवा कर सराहनीय कार्य किया

## सागवाड़ा भारत विकास परिषद राजस्थान दक्षिणी प्रांत की प्रांतीय परिषद की बैठक



**सागवाड़ा।** भारत विकास परिषद राजस्थान दक्षिणी प्रांत की प्रांतीय परिषद की बैठक, सम्मान समारोह, चुनाव तथा सागवाड़ा शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह रविवार को हुआ। अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष्व डॉ . प्रदीप कुमावत ने की । मुख्य अतिथि राष्ट्रीय मंत्री संगठन डॉ . जयराज आचार्य थे । विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय मंत्री संस्कार संजीव भारद्वाज, क्षेत्रीय मंत्री संपर्क गिरीश पानेरी, रामलाल बैरवा, संरक्षक डॉ. रविंदलाल मेहता एवं प्रदीप कोठारी थे। स्थानीय शाखा के अध्यक्ष नारायण लाल बनोत ने स्वागत उद्बोधन दिया। डा. हितेश शाह ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। डॉ. आचार्य ने सागवाड़ा शाखा अध्यक्ष नारायण लाल बनोत, सचिव शिवराम मोची एवं कोषाध्यक्ष डॉ . हितेश शाह को। डॉ. कुमावत ने नवीन कार्यकारिणी तथा डॉ. मेहता ने नवीन सदस्य नरेश सोनी को शपथ दिलाई। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. कुमावत ने कहा कि कोरोना काल में राजस्थान दक्षिण प्रांत की सभी शाखाओं के सदस्यों ने मानवता की निस्वार्थ भाव से सेवा कर सराहनीय कार्य किया है । राजस्थान दक्षिण प्रांत 34 शाखाओं में से 20 शाखाओं के 80 पदाधिकारियों ने भाग लिया ।

**डॉ. कुमावत अध्यक्ष सोमपुरा महासचिव व बैरवा कोषाध्यक्ष**- भारत विकास परिषद् राजस्थान दक्षिण प्रांत के चुनाव राष्ट्रीय मंत्री संगठन डॉ आचार्य के मार्गदर्शन में हुए सर्वसम्मति से डॉक्टर प्रदीप कुमावत को पुणे अध्यक्ष गिरीश सोमपुरा को महासचिव तथा रामलाल बेरवा को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया।

**भाविप सागवाड़ा की नवीन कार्यकारिणी**- अध्यक्ष नारायण लाल बनोत, सचिव शिवराम मोची, कोषाध्यक्ष डॉ. हितेश शाह , मुख्य संरक्षक डॉ. महेंद्र सिंह त्यागी, संरक्षक विश्वनाथ पंड्या, कुबेरलाल जोशी, तेज प्रकाश गुप्ता, उपाध्यक्ष विमल जैन व निखिल सोमपुरा , उपाध्यक्ष महिला मालती शाह , सह सचिव राजेंद्र प्रसाद शुक्ला, सह सचिव महिला प्रभा गुप्ता, मीडिया प्रभारी सुशील पंचाल, भारत को जान प्रभारी दिलीप गुप्ता, पर्यावरण मंत्री दिलीप पटेल, चिकित्सा प्रभारी डॉ. प्रकाश पटेल, डॉ. नरेश पटेल डॉ. गौरीशंकर कुलख्या, गुरु वंदना प्रभारी प्रदीप गुप्ता , समर्पण प्रमुख विनोद दोसी, सेवा प्रमुख जीवनलाल पाटीदार, संस्कार प्रमुख सुभाष द्विवेदी, समूह गान प्रभारी मगनलाल यादव, संपर्क प्रमुख सुशील शर्मा, सहयोग प्रभारी जयंतीलाल पंचोरी, महिला प्रमुख प्रेरणा शाह, सलाहकार अशोक जैन, अनिल वाडेल व नानुभाई मोड़ पटेल को मनोनीत किया ।

## जहरीली वस्तु का सेवन करने से विवाहिता की ईलाज के दौरान मौत

**सागवाड़ा।** जहरीली वस्तु का सेवन करने से विवाहिता की ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई पुलिस के अनुसार भीलूड़ा निवासी पंकज पुत्र दिनेश लाल पंचाल ने दी रिपोर्ट में बताया कि उसकी भाभी रीना देवी पत्नी दीपक पंचाल की शादी 20 22 वर्ष पूर्व अंबाला निवासी मोहनलाल पुत्र खीमजी पंचाल के यहां हुई थी रीना के दो पुत्र एवं दो पुत्रियां हैं तथा रीना का पति दीपक विगत 6 माह से कुवैत में है दीपक के यहां पर ढूंढ का कार्यक्रम होने से वह मंगलवार को गांव आ रहा था रविवार सुबह 7:30 बजे गोली खा लेने से रीना की तबीयत खराब होने की जानकारी मिली रीना की तबीयत खराब होने पर उसने बताया कि ठाकड़ा निवासी पुष्पा अमृतलाल पंचाल सागवाड़ा निवासी रोशनी वैभव और भीलवाड़ा निवासी डायर लाल पुत्र गौतम को रुपए उधार तथा सोने की चेन दी थी लेकिन वह वापस नहीं दे रहे हैं जिसकी वजह से तनाव में आकर सेल्स फोर्स की गोलियां खाली है ।

# यज्ञोपवित संस्कार कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर तैयारी बैठक आयोजित

**सीमलवाड़ा।** विप्र फाउडनेशन के तत्वावधान में 5 मई 2022 को आयोजित प्रथम यज्ञोपवीत संस्कार के सफल आयोजन को लेकर प्रथम बैठक रविवार को धम्बोला के लक्ष्मीनारायण मन्दिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में आयोजन को सफल बनाने को लेकर सभी पहलुओं पर चर्चा की गई।

यज्ञोपवित संस्कार कार्यक्रम को लेकर अलग अलग कमेटियां बनाई गई है। बैठक में वरिष्ठ गोवर्धन लाल पण्ड्या,गुणवन्त लाल पण्ड्या, राजेश्वर पण्ड्या,सुरेश पण्ड्या, भूपेंद्र भट्ट,रमेश पण्ड्या, कन्हैयालाल पण्ड्या, किशोर पण्ड्या, हँसमुख भट्ट,अशोक त्रिवेदी, चेतन पण्ड्या, गोपाल पण्ड्या, चेतन भट्ट, सजंय पण्ड्या ,कीर्ति पण्ड्या, जयेश पण्ड्या,राकेश पण्ड्या, गिरिराज भट्ट, विपिन पण्ड्या,उदय पण्ड्या,प्रमोद पण्ड्या ,चिराग मेहता,पंकज पण्ड्या, धर्मेंद्र पण्ड्या, वीरांग पण्ड्या, भाविन पण्ड्या,दिव्यांग मेहता,सजंय पण्ड्या, राहुल पण्ड्या, हितेश वैष्णव उपस्थित रहे।

